तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 8 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

रासेयो ने आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प का दिया जनजागरूकता संदेश



## खबर संक्षेप

### शराब बनाने, बेचने व पीने वालों पर लगेगा अर्थदंड

**कोरबा।** पाली विकासखंड का ग्राम मांगामार स्थित है, जहां रहने वाले अधिकांश परिवार खेती किसानी का काम करते हैं। बताया जा रहा है कि गांव में कई परिवार थे, जो शराब बनाने और बेचने का काम करते थे। जिससे गांव का माहौल बिगड़ रहा था। बुजुर्ग व बच्चे भी नशे की जद में आ रहे थे। गांव में आए दिन घरेलू विवाद होता था। घर के मुखिया नशे की लत के कारण बच्चों की शिक्षा दीक्षा को लेकर भी लापरवाह होते जा रहे थे। जिससे नशे से दूर रहने वाले ग्रामीण हलाकान थे। इस पर रोक लगाने नारी शक्ति सामने आई। महिलाओं ने गांव को नशामुक्त बनाने का बीड़ा उठाया। जिसमें उनके सहयोग के लिए सरपंच छत्रपाल सिंह राज, पूर्व सरपंच सती बाई, विमल देवी राज सहित अन्य जन प्रतिनिधि भी आगे आए।

### पर्यावरण संतुलन में मिट्टी की भूमिका से अवगत हुए बच्चे

**कोरबा।** शासकीय हाई स्कूल स्याहीमुड़ी में विश्व मृदा दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। संस्था की प्राचार्य डॉ. फरहाना अली के निर्देशन में इको क्लब प्रभारी प्रभा साव ने कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस वर्ष विश्व मृदा दिवस की थीम स्वस्थ शहरों के लिए स्वस्थ मिट्टी पर आधारित थी। इसी के अनुरूप बच्चों को मृदा के महत्व, उसके संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन में मिट्टी की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उद्यान की मिट्टी तैयार करने के व्यावहारिक तरीके बच्चों को सिखाए गए। व्याख्याता संगीता मानिकपुरी ने विद्यार्थियों को मिट्टी संरक्षण पर आधारित फिल्म किस द ग्राउंड दिखाकर जागरूक किया। सभी बच्चों ने बड़े उत्साह से फिल्म देखी और अपने ग्रह, मिट्टी एवं पर्यावरण के संरक्षण की शपथ ली।

### विजय वेस्ट कोल माइंस में मनाया गया सुरक्षा पखवाड़ा

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड अंतर्गत विजय वेस्ट कोल माइंस में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सुरक्षा पखवाड़ा उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खदानों में कार्यरत वर्करों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित खनन सुनिश्चित करना रहा, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। पखवाड़े के दौरान उच्च अधिकारियों की विशेष टीम ने खदानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं सुरक्षित खनन की तैयारियों का विस्तृत मुआयना किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जीएम ने कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कोल माइंस की प्रगति वर्करों की प्रतिबद्धता और टीमवर्क पर निर्भर है। उन्होंने सभी कर्मियों से अपील की कि वे कार्य के दौरान सुरक्षा नियमों का पूर्ण पालन करें, जिम्मेदारी से काम करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें, क्योंकि एक छोटी गलती भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

### योग प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया दम

**कोरबा।** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता (महिला वर्ग) का आयोजन रविवार को गीतांजलि भवन, पुराना बस स्टैंड कोरबा में किया गया। पूरे कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं तथा महिला पतंजलि की टीम ने आकर्षक योगासन प्रस्तुति देकर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को बाद में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन उपस्थित रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर उपस्थित रहीं। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मानव जीवन में योग का महत्व आदिकाल से रहा है। प्राचीन ग्रंथों में भी उल्लेख मिलता है कि ऋषि-मुनि योग को ही साधन बनाकर अनेक बीमारियों का उपचार करते थे। उन्होंने कहा कि आज विज्ञान ने भी यह द्धि किया है।

# पारा लुढ़का, शीतलहर के आगोश में जिले का शहर व ग्रामीण अंचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के शहर व ग्रामीण अंचल इस समय शीतलहर की चपेट में है। दिन का पारा जहां अधिकतम 27 डिग्री दर्ज हो रहा है वहीं रात का तापमान न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस तक शहरी और उपनगरीय क्षेत्रों में पहुंच रहा है। तापमान में सबसे ज्यादा गिरावट जिले के सुदूर ग्रामीण अंचलों में देखी जा रही है। पेंड्रा से लगे पसान क्षेत्र में सुबह का तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया है। अमरकंटक पहाड़ के नजदीक होने के कारण जिले का सबसे ठण्डा क्षेत्र माना जाता है।

जिले में कड़ाके की सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। लगातार गिरते तापमान के कारण न्यूनतम पारा तेजी से नीचे आ रहा है। शहर में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस जबकि पसान ग्रामीण अंचल में 6 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। शीतलहर और कंपकंपाती ठंड के चलते सुबह व रात के समय सड़कें सुनसान हो जा रही हैं। लोग घरों से बाहर निकलने में कतरा रहे हैं जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ठंड से आम जनता को राहत पहुंचाने नगर निगम ने कुछ क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था की है। हालांकि कुछ ऐसे क्षेत्र अभी भी बाकी है जहां भीड़ भाड़ होने के कारण अलाव की जरुरत महसूस की जा रही है। शीतलहर से शहर के मार्केट में भी ग्राहकों की भीड़भाड़ कम हो जा रही है। दुकानें भी 9 बजे से बंद होना शुरु हो जाती हैं। शीतलहर की चपेट में ग्रामीण अंचल नजर आता है। जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर पेंड्रा क्षेत्र से लगे पसान तहसील क्षेत्र का तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। अमरकंटक और पेंड्रा से लगे होने के कारण जिले में सबसे ज्यादा ठंड पसान क्षेत्र में ही पड़ती है। सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक ही क्षेत्र के लोगों से ठंड से राहत मिलती है। 3 बजे के बाद से तापमान जैसे जैसे गिरता है क्षेत्र की सड़कों में सन्नाटा पसर जाता है। पसान के अलावा चिरमिरी से लगे क्षेत्र कोरबी चोटिया तो वहीं सरगुजा से लगे क्षेत्र नकिया, विमलता, श्यांग और गुरमा जैसे क्षेत्र में भी कड़ाके की सर्दी पड़ रही है।

### शहर के मार्केट में भी ठंड के असर से छा जाती है वीरानी

**खास बातें**

- पेंड्रा से लगे पसान में तापमान रात में 6 डिग्री सेल्सियस, शाम होते ही ग्रामीण अंचलों में पसर जाता है सन्नाटा



### रात में ग्रामीण के घर को बना लिया था निशाना

# दैहान गई वृद्ध महिला की हाथियों ने ले ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में हाथियों की बढ़ती संख्या और अलग-अलग झुंड में होने की वजह से वन विभाग की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। खासतौर पर दंतैल हाथी देर रात को एक्टिव होते हैं और बस्तियों में घुसकर आतंक मचाते हैं। रविवार की रात दंतैल हाथी ने दैहान गई एक वृद्ध महिला को पटक पटककर मौत के घाट उतार दिया है। जैसी ही इसकी सूचना वन विभाग के अफसरों को लगी वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और दंतैल हाथी को जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास कर रही है। यह दंतैल हाथी वही है जिसने शनिवार की रात फिर से पसान रेंज के गांव में एक ग्रामीण के घर में घुसने के लिए जा धमका था। जैसे ही वन विभाग की टीम को इसकी भनक लगी वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह दंतैल हाथी को खदेड़ा। तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा और कटघोरा वन मंडल में लगभग 80 ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज में उत्पात मचा रहा है दंतैल
- ग्राम कुम्हारीसानी में ग्रामीण के घर कर रहा था घुसने की कोशिश, रविवार की रात गोलाबहरा में महिला पर किया हमला



मृत महिला का शव।



दंतैल हाथी जो लोगों को बना रहा अपना निशाना।

### कोरबा और कटघोरा वन मंडल में कुल 85 हाथी

कोरबा और कटघोरा वन मंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्र में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जिसमें सबसे अधिक 27 हाथियों का झुंड करतला रेंज भी अलग-अलग गांव में विभक्त हो चुका है। जबकि पसरखेत में एक दंतैल हाथी कुदमुरा में दो और लेमरु रेंज में 9 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। कोरबा वन मंडल में कुल 39 हाथियों का झुंड डेरा डाला हुआ है जबकि इसी तरह कटघोरा वन मंडल के जटगा और ऐतमानगर में 46 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है।

### दंतैल पहुंचा पसरखेत

बताया जाता है कि कोरबा वन मंडल में भी हाथियों का कई झुंड विचरण कर रहा है। जिसमें से एक दंतैल हाथी कोरबा रेंज से एक दिन पहले ही बालको रेंज के कॉफी प्वाइंट के आसपास जा धमका था जो लगातार उत्पात मचा रहा था। उत्पात मचाने के चलते काफी पॉइंट के रास्ते को पर्यटकों के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। जिससे पर्यटकों को खासी निराशा हाथ लगी थी। वन विभाग की टीम पूरी रात हाथी को जंगल में खदेड़ने में लगी रही। इसी तरह सुबह दंतैल हाथी बालको रेंज के पसरखेत जा पहुंचा है अब ऐसी संभावना जताई जा रही है कि यह दंतैल हाथी अपने झुंड में शामिल हो सकता है।

### रेंजर हुए हादसे के शिकार अस्पताल दाखिल



**कोरबा।** पसान थाना क्षेत्र में रविवार तड़के सुबह एक सड़क हादसे में वन विभाग के पसान रेंजर मनीष सिंह और उनके चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन सड़क किनारे एक पेड़ से बेकाबू होकर टकरा गया।

यह हादसा तब हुआ जब रेंजर मनीष सिंह और चालक पिपरिया क्षेत्र में हाथी आने की सूचना पर मौके पर गए थे। उन्होंने ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने और उनके साथ छेड़छाड़ न करने की सलाह दी थी। हाथी मित्र दल ने हाथियों पर नजर रखी और उन्हें जंगल की ओर खदेड़ने के बाद रेंजर और चालक कार्यालय लौट रहे थे। वापसी के दौरान ही उनका वाहन बेकाबू होकर पेड़ से टकरा ⏭ शेष पेज 3 पर

# पड़ोसी ने युवक को उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो दिनों पूर्व एक गांव में युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी। तहकीकात में जुटी पुलिस ने मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसने युवक की डंडे से पीटकर हत्या कर दी थी। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

**खास बात**

- पसान थाना क्षेत्र का मामला

जानकारी के अनुसार पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेनहा निवासी करण सिंह 32 वर्ष पिता भोला सिंह की 5 दिसंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और मामले की तहकीकात में जुटी हुई थी। इसी बीच पसान पुलिस व फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची थी जांच के दौरान पाया गया कि उसी गांव में निवास करने वाला करण का पड़ोसी बेचन सिंह ने ही डंडे से पीट पीटकर हत्या की थी। जिसके आधार पर पुलिस ने रविवार को बेचन सिंह को गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पसान थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि करण सिंह को संदेह था कि उसकी पत्नी का बेचन सिंह के साथ प्रेम संबंध है जिसे लेकर वह अक्सर संदेह करता था। इसी बात को लेकर दो दिनों पहले दोनों के मध्य विवाद हुआ था और विवाद बढ़ने पर बेचन सिंह ने करण सिंह की डंडे से पीट पीटकर हत्या कर दी थी। हत्या के मामले में पुलिस ने बेचन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### आरोपी की टूट गई थी शादी

पुलिस के मुताबिक बेचन सिंह 24 वर्ष की शादी तय हो गई थी लेकिन मृतक करण सिंह ने विगत दिनों बेचन सिंह के सुसराल वालों को फोन कर यह जानकारी दे दी थी कि उसकी पत्नी का प्रेम संबंध बेचन सिंह के साथ है। यह सुनते ही लड़की के परिजनों ने बेचन सिंह के साथ उसकी पुत्र की शादी तोड़ दी थी। जिसके बाद करण सिंह और बेचन सिंह के बीच विवाद और बढ़ गया था और 5 दिसंबर को इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था और इसके बाद बेचन सिंह ने करण सिंह को लकड़ी के डंडे से पीट पीटकर हत्या कर दी थी।

# अवैध परिवहन और भंडारण पर प्रशासन की कार्रवाई, 13 सौ क्विंटल धान जब्त



जब्त धान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी में अनियमितता रोकने के लिए ग्रामीण अंचलों में धान के अवैध परिवहन व भंडारण पर प्रशासनिक कार्यवाही के दौरान बीते 25 दिन में ग्रामीण अंचलों से 1346 क्विंटल धान गोदाम और दुकानों से जप्त किया गया है। प्रशासन की इस कार्यवाही से बिचौलियों में जहां हड़कंप मचा हुआ है वहीं गांव गांव में छोटे दुकानदारों द्वारा धान खरीदने में भी भय व्याप्त हो गया है।

धान खरीदी की शुरुआत 15 नवंबर से हुई थी और पहले दिन से ही धान के अवैध भंडारण और परिवहन के मामले में कार्यवाही शुरु होने लगी थी। 15 नवंबर से लेकर 5 दिसंबर तक जिले में हुई कार्यवाही के दौरान विभिन्न स्थानों से 1346 क्विंटल धान जप्त किए गए हैं जिनमें पुराने धान के अलावा नए धान भी शामिल ⏭ शेष पेज 3 पर

### हो रही मुखबिरी

ऐसे छोटे छोटे व्यवसायी जो ग्रामीणों से पहले से धान खरीदी करते आ रहे हैं उनकी मुखबिरी गांव के लोगों के द्वारा ही दबिश देने वाली टीम से की जा रही है। सूचना मिलने पर टीम के द्वारा जब दबिश दी जाती है तब संबंधित व्यक्तियो के यहां धान का भंडारण होना पाया जाता है। साथ ही गांव गांव में वाहनों का संचालन करने वालों में भी भय पैदा हो गया है। स्थिति यह है कि ट्रेक्टर चालक अब धान ले जाते समय किसान को दस्तावेज के साथ चलने को कहते हैं। बिना किसान के ट्रेक्टर चालक भी धान लेकर नहीं पहुंच रहे हैं।

### मंडी से जारी होता है लाइसेंस

धान खरीदी के लिए कृषि उपज मंडी के द्वारा लाइसेंस भी जारी किया जाता है। ग्रामीण अंचलों के कुछ दुकानदार 30 से 40 किलो धान खरीदी करने के लिए मंडी से लाइसेंस भी ले रखे हैं लेकिन अब तक की कार्यवाही के दौरान ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है जिसमें कोई व्यवसायी या गोदाम संचालक जो धान का भंडारण किया है उसके द्वारा मंडी का लाइसेंस दिखाया गया हो। राजस्व टीम ने तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आरआई, पटवारी सहित खाद्य निरीक्षक भी शामिल हैं। जिन्हें कलेक्टर अजीत वसंत के द्वारा धान के अवैध भंडारण एवं परिवहन पर सीधी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण –** 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण –** 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### फिनाइल पीने से महिला सिम्स में भर्ती

**बिलासपुर।** सिरदर्द ने परेशान होकर एक महिला ने फिनाइल पीकर खुदकुशी करने की कोशिश की है। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सरकण्डा थाना के प्रधान आरक्षक विजय पाण्डेय ने बताया, चिंगराजपारा दुर्गा मंदिर के पीछे रहने वाली गीता साहू पति सूरज साहू 20 साल पिछले कुछ दिनों से सिरदर्द से परेशान थीं। उन्होंने मेडिकल दुकान से दवा खरीदकर खा लिया। दर्द खत्म नहीं होने पर उन्होने रविवार की सुबह घर में फिनाइल पीकर खुदकुशी करने की कोशिश की। परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

### नाबालिग ने अनाचार युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** फोटो वायरल करने की धमकी देकर नाबालिग से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।
सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया कि क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग की जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी राजवीर दास मानिकपुरी से जान पहचान थी। पूर्व में युवक नाबालिग के घर आया और छेड़खानी करते हुए अश्लील फोटो मोबाइल में खींच लिया। उसके बाद वह नाबालिग को फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर सिरगिट्टी अपने परिचित के घर लेकर गया और जोर जबरदस्ती कर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद धमकी देकर दबाव बना रहा था। पुलिस ने नाबालिग की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 4, 6, 351, 2, 64, 2 के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### मारपीट का वीडियो वायरल, तीन गिरफ्तार



**बिलासपुर।** सोशल मीडिया में बीच चौक में मारपीट का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, रविवार को सोशल मीडिया में नूतन चौक में युवकों के बीच मारपीट करने का वीडियो वायरल हो रहा था। वीडियो को गंभीरता से लेते हुए मारपीट करने वाले युवकों की पहचान करने के बाद विकास साहू पिता मंतराम साहू 32 साल नूतन चौक, उसके भाई अजय कुमार साहू, शमसाद खान पिता मोहम्मद रमजान 32 साल स्टेट बैंक के सामने सरकण्डा निवासी को पकड़ लिया है। पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### चाट ठेले को टक्कर मारी, मारा चाकू

**बिलासपुर।** चाट ठेले को टक्कर मारने के बाद आटो चालक ने मैं यहां का दादा हूं कहकर गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी देकर ठेलेवाले पर चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



तोरवा पुलिस के अनुसार, रेलवे स्कूल गेट के पास मन्नू सिंह पिता भोला सिंह चाट गुपचुप का ठेला लगाते है। 6 दिसंबर को रात 9.45 बजे वे दुकान चला रहे थे। उसी समय शनि नामक युवक ने अपने आटो को रोड से किनारे पीछे करते हुए ठेले को टक्कर मार दी। उन्होंने देखकर आटो पीछे करने की बात कही तो चालक शनि मैं यहां का दादा हूं कहते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे उनके बांए हाथ के पंजे में चोट लगी है। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल ठेलावाले को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मन्नू सिंह की रिपोर्ट पर हमलावर सामंत व शनि के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

**बीपीएल कार्डधारियों के खातों में ट्रांजेक्शन इसलिए किए गए निरस्त** | **एपीएल की श्रेणी में आने वाले इन लोगों ने आय की गलत जानकारी विभाग को दी**

# 10 हजार बैंक खातों में हर साल 6 लाख से अधिक का लेनदेन, किराए पर देकर अवैध ट्रांजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खाद्य विभाग ने प्रदेश के 62 लाख का 417 राशन कार्ड निरस्त कर दिए हैं, क्योंकि यह बीपीएल की श्रेणी में नहीं आते थे। दरअसल बैंकों ने जब म्यूल खातों की जांच डोर टू डोर जाकर की तो इसकी पूरी जानकारी हाथ लगी।

इन बीपीएल कार्डधारियों के खातों में प्रतिवर्ष 6 लाख से अधिक लेनदेन पाया गया। इसके तार भी ऑनलाइन प्लेटफार्म से जुड़े पाए गए। बैंकों के मुताबिक कार्ड धारकों ने पहले बैंक खाते को किराए पर दिया, हर साल इसमें अवैध ट्रांजेक्शन और कमाई होती रही। सूची से नाम कटने पर इन लोगों द्वारा थाने व खाद्य विभाग में आवेदन दिए जा रहे हैं जिससे गड़बड़ी खुलकर सामने आ रही है। बिलासपुर, रायपुर सहित प्रदेश में बड़े पैमाने पर राशन कार्डधारकों को पैसे के संदिग्ध




लेनदेन और म्यूल खातों के लिए उपयोग किया गया है। इन खातों को उपयोग आनलाइन गेम और दूसरे लेनदेन के लिए किया जा रहा है। इसमें बिलासपुर में 856, रायपुर में 2102, दुर्ग 2310, सरगुजा 309, बस्तर 196 बैंक खातों में लाखों रुपए के संदिग्ध लेनदेन सामने आए हैं। प्रदेशभर में इसकी कुल संख्या 9422 से अधिक होने की संभावना है।

### वास्तविक आय से मेल नहीं खा रहे एकाउंट

कुछ कार्डधारकों ने बैंक खाते किराए पर देकर अवैध कमाई भी की थी। अब राशनकार्ड से नाम कटने के बाद से पछता रहे हैं। कई लाभार्थियों के ई-केवाईसी और बैंक विवरण उनकी वास्तविक आय से मेल नहीं खा रहे हैं। गरीबी रेखा के मानक से इन कार्डधारकों की आय अधिक है। ये पैसे इनके थे ही नहीं, इन्होंने खाते ऑनलाइन कंपनियों को उधार में दे रखे थे। राशन कार्ड धारकों ने सालों तक शासन को चूना भी लगाया है। इनका तरीका था कि इन्होंने कार्ड बनवाने अपनी आय की जानकारी गलत दी। एपीएल की श्रेणी में आने वाले इन 62 हजार 813 कार्ड धारकों ने बीपीएल से राशन लिया। इस हिसाब से शासन को प्रति वर्ष 66 लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। वो ऐसे कि बीपीएल कार्ड में निशुल्क चावल मिलता है, जबकि एपीएल में प्रति किलो 10 रुपए देने होते हैं।

### ईकेवाईसी और डोर डू डोर सर्वे में खुलासा

दरअसल खाद्य विभाग और बैंकों ने ईकेवाईसी के साथ ही डोर टू डोर सर्वे किया था। इसमें खातों की जांच की गई। इसमें लाखों का ट्रांजेक्शन दिखाने की वजह से लोगों के खाते संदिग्ध की श्रेणी में डालकर सूची से नाम हटा दिया गया है। नाम हटते ही पीड़ित सामने आ रहे हैं कि इनके साथ ठगी हो गई है। पैसे का लेनदेन करने वाली कंपनियां ठगी करके चली गई। लेनदेन में इन्हें कुछ हासिल नहीं हुआ। उल्टा अब इनके राशनकार्ड रद्द किए जा रहे हैं। ऐसे में अब थाने से लेकर खाद्य विभाग तक ऐसे आवेदन पहुंच रहे हैं। इन्हीं आवेदनों से बड़े पैमाने पर हुई ठगी का खुलासा हो रहा है।

### संपत्ति बेचकर राशि वसूली जाएगी

गौरतलब है कि प्रदेश में ऐसा पहली बार होने जा रहा है, जब एक साथ 62 हजार 813 लोगों को आरआरसी (राजस्व वसूली प्रमाणपत्र) जारी होगी। सालों तक जिन राशन कार्ड धारकों ने शासन को झांसा देकर शासन का राशन उठाया है। अब इन्हें इसकी कीमत वापस करना पड़ेगा। रकम वापस नहीं करने पर इनकी संपत्ति बेचकर राशि वसूली जाएगी।

### पुलिस और बैंक कर रहे काम

ऐसे राशन कार्ड धारक जो एपीएल की श्रेणी में आते हैं और बीपीएल राशनकार्ड बनवा रखे थे। उनका कार्ड निरस्त किया जा रहा है। म्यूल खातों पर काम बैंक और पुलिस विभाग की ओर से किया जा रहा है।

– **अमृत कुजूर,** नियंत्रक, खाद्य विभाग

### पुलिस को दे रहे जानकारी

बैंकों ने जब म्यूल खातों की जांच डोर टू डोर जाकर की तो इसकी पूरी जानकारी हाथ लगी। इन बीपीएल कार्डधारियों के खातों में प्रतिवर्ष 6 लाख से अधिक लेनदेन पाया गया। ऐसे खातों की जानकारी पुलिस और खाद्य विभाग को दी जा रही है।

– **ललित अग्रवाल**, समन्वयक, बैंकर्स क्लब

---

**करीब 20 करोड़ की लागत से बनाना था नाला**

# नाला निर्माण के लिए खाई की तरह खोदा गया गड्ढा, अधूरा काम छोड़ भागा ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कृषि महाविद्यालय के ठीक बाजू से निर्माणधीन नाले का काम पिछले कई माह से बंद पड़ा है। नाला निर्माण के लिए खाई की तरह सरकारी जमीन को खोदा गया है, बताया जा रहा है कि ठेकेदार ने यहां की मिट्टी कहीं ओर खपा दी है। इसके बाद से काम छोड़ भाग खड़ा हुआ है, लेकिन अब पशु विश्वविद्यालय के निर्माण और शुरू होते ही इनमें मवेशियों के गिरने की आशंका बनी हुई है।

सरकंडा बंधवापारा में बारिश के दिनों में लबालब पानी भरने की नौबत हर साल आती है, इस समस्या में नगर निगम की किरकिरी भी होती है। ऐसे में अधिकारियों ने प्लानिंग कर बंधवापारा से कोनी मुख्य सड़क तक नाला निर्माण की योजना बनाई। इस साल नाला निर्माण का काम शुरू किया गया, करीब एक किमी के नाला का निर्माण किया गया है, लेकिन बीच में नाला अधूरा है। बताया जा रहा है, पशु महाविद्यालय परिसर में नाला निर्माण के लिए खाई की तरह जमीन गई है, इसमें से मिट्टी ठेकेदार द्वारा बेच दी गई है। अब काम बंद होने के बाद नाला जस की तस स्थिति है, जमीन में मवेशियों के गिरने का अंदेशा बना हुआ है। बताया जा रहा है कि अधूरा नाला बारिश के दिनों में खतरनाक हो सकता है। बंधवापारा में पानी भरने के बाद पानी का बहाव इसी ओर होने से जलमग्न होना तय है, जिससे स्थिति भयावह हो सकती है।



कृषि महाविद्यालय के पास नाला निर्माण के लिए खोदा गया गड्ढा।

### गैरजिम्मेदार हो चुके हैं अधिकारी

इस मामले में जोन कार्यालय के जोन कमिश्नर को कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन ना तो अधिकारी कार्यालय में बैठ रहे हैं और ना ही फोन पर संपर्क हो पा रहा है। ऐसे में अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। क्षेत्र में निर्माण कार्य के निरीक्षण की जिम्मेदारी इन्हीं अधिकारियों पर होती है। सहायक यंत्री, जोन कमिश्नर को क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य की जानकारी तक नहीं होती है।

### जानकारी ली जाएगी

नाला निर्माण के अधूरे होने की जानकारी नहीं है। इस बारे में संबंधित अधिकारी और ठेकेदार से जवाब लिया जाएगा। अधूरा काम किसी उद्देश्य के लिए रोका गया है, इसकी जानकारी ली जाएगी।

**-अमित कुमार,** कमिश्नर, नगर निगम

---




सागौन लकड़ी के भरी जब्त कार।

# लकड़ी तस्कर को नहीं पकड़ सका वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर लावारिस हालत में दो लाख की सागौन जब्त की है, जो स्कार्पियो में लोड की गई थी। सागौन लोड गाड़ी को छोड़कर आरोपी फरार हो गए थे, जिनकी तलाश की जा रही है। वहीं जिस स्थान पर सागौन के पेड़ों की कटाई की जा रही थी, वहां शराबियों का अड्डा बन चुका है। इसकी रोकथाम पर भी विभाग की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

- **जिस स्थान पर की गई पेड़ों की कटाई, वहां शराबियों का अड्डा**

कोटा-बेलगहना मुख्य मार्ग पर संदिग्ध अवस्था में खड़ी एक स्कार्पियो पर सागौन की लकड़ी लोड है। सूचना मिलने के बाद बिलासपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार के निर्देशानुसार और उप वन मंडलाधिकारी कोटा अनिल भास्करन के मार्गदर्शन में दो दिन पहले गश्त कर रहे बेलगहना के वन परिक्षेत्र अधिकारी देवसिंह मरावी और उनकी टीम ने कक्ष क्रमांक 1202/2470 कोटा बेलगहना मुख्य मार्ग पर एक स्कार्पियो को देखा। वन विभाग की टीम को आते हुए देख स्कार्पियो वाहन का चालक गाड़ी को तेजी से बढ़ाते हुए बेलगहना की ओर भागने की कोशिश करने लगा। गाड़ी का पीछा करते हुए वन विभाग के स्टाफ फाटक पारा करहीकछार पहुंचे, जहां स्कार्पियो क्रमांक सीजी 19 सी 6590 का चालक डोंगरीपारा बस्ती की ओर वाहन लेकर चला गया। गाड़ी का पीछे पहुंची टीम को जंगल मार्ग पहाड़ी के पास वह लावारिस हालत में मिली, जिसे छोड़कर चालक फरार हो गया था। लावारिस हालत में 6 नग लट्ठा, 1 नग सीलपट सहित 7 नग सागौन की लकड़ी लोड थी। कक्ष क्रमांक 2470 में वन विभाग की टीम ने जाकर देखा तो वहां 3 नग लट्ठे और मिले, जिसे मिलाकर 10 नग सागौन की जब्ती वन विभाग की टीम ने की।

वन विभाग की टीम ने वाहन सहित 2 लाख रुपए की लकड़ी जब्त करने के बाद वन अधिनियम के तहत मामला कायम करते हुए आरोपी की खोजबीन शुरु कर दी है। विभाग की टीम को सागौन की लकड़ी तो मिली, लेकिन जिस स्थान पर पेड़ों की कटाई हुई थी वहां शराबियों का जमावड़ा प्रतिदिन का रहता है। शराब पीने के बाद आसपास के ग्रामीण वहां बोतल और खाने-पीने का सामान छोड़कर चल देते हैं, जिसपर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

### प्लास्टिक बैन का लगा है बोर्ड

कोटा क्षेत्र के जिस कक्ष क्रमांक में पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है। उस स्थान पर शराब की बोतल और प्लास्टिक डिस्पोजल से पूरा जंगल भरा पड़ा है। पहाड़ों और जंगलों से घिरा हुआ घोंघा जलाशय पर्यटन स्थल के रूप में माना जाता है। पूरे जंगल के इलाकों में गंदगी के साथ असामाजिक तत्वों की गतिविधियां भी जारी है। यहां गंदगी को रोकने और सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए प्लास्टिक बैन का एक बोर्ड भी लगाया है, जिसके बावजूद लोग इसे अनदेखा कर देते हैं।

### मिली है जानकारी

अवैध लकड़ी कटाई के साथ शराबखोरी की जानकारी मिली है, जिस पर त्वरित कार्रवाई करने का आदेश टीम को दे दिया गया है। इसके साथ ही लकड़ी तस्करी के आरोपी भी खोजबीन की जा रही है, जो जल्द ही वन विभाग के हाथ लग जाएगा।

**-अनिल भास्करन,** एसडीओ, कोटा बिलासपुर वन मंडल

---

# मजदूर के घर में मिले 14 लाख का रहस्य बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रोजी मजदूरी करने वाले के घर से 14 लाख रुपए मिलने के रहस्य से पर्दा उठाने में दूसरे दिन भी पुलिस नाकाम रही है। मजदूर की पत्नी ने भागकर अपना मोबाइल बंद कर लिया है। उसके पकड़े जाने के बाद मोटी रकम कहां से आई इसका खुलासा हो पाएगा।

- **पुलिस महिला को नहीं खोज पाई**
- **महिला का मोबाइल बंद**

शनिवार की शाम मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दयालबंद मुधबन अटल आवास में किराए के मकान में रहकर रोजी मजदूरी करने वाले विजेन्द्र बैस के घर से 14 लाख रुपए बरामद किया था। पूछताछ करने पर वह नोटों से भरा थैला पत्नी के द्वारा लाना बता रहा है। उसकी पत्नी लोगों के घरों में साफ सफाई का काम करती है। नोटो के थैला सहित पति के पकड़े जाने पर उसकी पत्नी भाग खड़ी हुई है। पुलिस ने पति से उसकी पत्नी के रिस्तेदारों के संबंध में पूछताछ कर दबिश दी, किन्तु महिला नहीं मिली। वहीं महिला ने अपना मोबाइल बंद कर लिया है। पुलिस तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से महिला के पतासाजी में लगी हुई है। महिला के पकड़े जने पर मामले का खुलासा हो पाएगा। उक्त रकम उसे किसने रखने के लिए दिया था। बहरहाल पुलिस सरगर्मी से महिला की तलाश कर रही है।


रोजी मजदूरी करने वाले के घर मिले 14 लाख रुपए

बिलासपुर। पुलिस ने एकाएक अनाप शनाप मोटी रकम खर्च कर अय्याशी करने वाले अटल आवास में किराए के मकान में रहकर रोजी मजदूरी करने वाले के घर में छापा मारा। तलाशी लेने से आलमारी में नोटों के बंडल से भरा थैला मिला। थैले में 14 लाख रुपए रखे हुए थे। पुलिस मजदूर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ईडी के छापे के डर से ओहदेदारों द्वारा उक्त रकम मजदूर के घर में छिपाने की आशंका जताई जा रही है।

कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया कि शनिवार की शाम सूचना मिली दयालबंद मुधबन अटल आवास में किराए के मकान में रहकर रोजी मजदूरी करने वाला विजेन्द्र बैस ... अनाप शनाप खर्च कर रहा ... दूसरों से मांगकर शराब पीने वाला

- ईडी के छापे के डर से ओहदेदार लोगों के द्वारा नौकरानी के घर छिपाने की आशंका

नोटों से भरा थैला पत्नी के ... बता रहा है। उसकी पत्नी ... में साफ सफाई का ... नोटो के थैले सहित ...

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

---

# पूर्व क्राइम ब्रांच एएसआई के सूने मकान में चोरों का धावा

**बिलासपुर।** सिविल लाइन क्षेत्र में पूर्व क्राइम ब्रांच के एएसआई के सूने मकान में धावा बोलकर चोरों ने मकान खंगालने में पसीना बहा दिया। किन्तु चोरों के हाथ कीमती जेवर हाथ नहीं लगा है। चांदी के कुछ जेवर व चिल्हर नकद रकम से काम चलाना पड़ा है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला यमुनानगर निवासी पूर्व क्राइम ब्रांच के एएसआई जितेश सिंह वर्तमान में कोरबा जिला में पदस्थ हैं। वे यहां के मकान के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार के साथ कोरबा में रह रहे हैं। बीच बीच में यहां आना जाना करते हैं। 4 दिसंबर सूने मकान का फायदा उठाते हुए चोरों ने उनके मकान के चैनल गेट व लकड़ी के दरवाजे के ताला को काटकर अंदर घुस गए। चोरों ने अंदर कमरे में सारी आलमारियों को खोलकर सामान खंगाल डाला। काफी पसीना बहाने के बाद भी चोरों को निराशा हाथ लगी उनके हाथ केवल कुछ चांदी



के जेवर व 5 से 7 हजार चिल्हर रुपए से काम चलाना पड़ा है। दूसरे दिन जितेश सिंह के छोटे भाई के बच्चे उनके घर गए तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। सूचना पर श्री सिंह कोरबा से शहर आकर अपना मकान देखा तो ताला टूटा मिला और सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और आलमारी व कबर्ड खुला हुआ था। सूचना पर सिविल लाइन टीआई एसआर साहू स्टाफ के साथ मौके पर जाकर उनके घर का मुआयना किया गया। टीआई श्री साहू ने बताया, जितेश सिंह ने अपने घर में हुई चोरी की सूचना दी है।

---

# यूपी से आ रहा ट्रक और 400 बोरी धान जब्त

**बलरामपुर।** जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान परिवहन पर सतत निगरानी रखी जा रही है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश की ओर से एक ट्रक में अवैध रूप से धान लाए जाने की जानकारी प्राप्त होते ही प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रक को पकड़ा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक नंबर सीजी 29 एएफ 0480 में लगभग 400 बोरी अवैध धान लोड था, जिसे बिना वैध दस्तावेजों के जिले की सीमा में लाया जा रहा था। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को रोका, सामग्री की जांच की और धान को कब्जे में लेकर वाहन को संबंधित थाने के सुपुर्द कर दिया है। अनुविभागीय अधिकारी नीर नंदेहा ने कहा है कि जिले में धान खरीदी सीजन के दौरान प्रत्येक स्तर पर अवैध गतिविधि पर निगरानी रखी जा रही है। चेक पोस्टों पर निगरानी को और अधिक सुदृढ़ किया गया है।

---

# खुदकुशी करने फांसी पर लटकी छात्रा, रस्सी टूटने से बच गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

किराए के मकान में रहकर कम्प्यूटर सीखने वाली छात्रा ने कपड़ा सुखाने वाली रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी करने की कोशिश की। रस्सी टूट जाने से छात्रा गिर गई, आवाज आने पर मकान मालिक ने दूसरे रूम की दीवार से कूदकर दरवाजा खोला और छात्रा को सिम्स में इलाज के भर्ती कराया।

सरकण्डा थाना के प्रधान आरक्षक विजय पाण्डेय ने बताया, बलौदा रसौटा निवासी युवती ने जांजगीर कालेज में एडमिशन लिया है। वह सरकण्डा कपिलनगर में किराए के मकान में रहकर पास की कम्प्यूटर दुकान में कप्यूटर सीखने के अलावा काम भी करती थी। उसे दुकान से प्रतिमाह 4 हजार रुपए वेतन मिल रहा था। रविवार की सुबह 7 बजे युवती ने अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और पंखे में कपड़ा सुखाने की रस्सी से फांसी का फंदा बनाकर झूल गई। पुरानी होने के कारण रस्सी टूट गई जिससे वह नीचे गिर गई। आवाज सुनकर बगल के रूम में रहने वाली छात्राएं उसके रूम गई तो दरवाजा अंदर से बंद था और आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुल रहा था। छात्राओं ने घटना की जानकारी मकान मालिक को दी।



मकान मालिक ने बगल के रूम में जाकर देखा तो छात्रा नीचे पड़ी हुई थी। वे दीवार कूदकर छात्रा के रूम में गए और दरवाजा खोलकर गले से रस्सी का फंदा निकाला। पीड़ित छात्रा को इलाज के लिए सिम्स ले जाने मकान से बाहर निकाले। इसी दौरान पास से एम्बुलेंस गुजर रही थी। मकान मालिक ने एम्बुलेस रोककर घटना की जानकारी दी। उसके बाद एम्बुलेंस से तत्काल सिम्स ले जाकर भर्ती कराया गया। सही समय पर दरवाजा खोल लेने व एम्बुलेंस मिल जाने से छात्रा की जान बच गई है। पुलिस ने छात्रा से आत्महत्या के कोशिश के संबंध में पूछताछ की, किन्तु छात्रा कोई भी कारण नहीं बता रही है।

---

# चार युवकों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वायरल वीडियो में मृतक द्वारा बताए गए चार युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

- **वीडियो जारी करने के बाद युवक ने लगाई थी फांसी**

बता दें कि शहर के बौरीपारा शिकारी रोड निवासी परम तिवारी आ. आदित्यनाथ तिवारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। युवक पॉलिटेक्निक का छात्र था और पिछले एक-डेढ़ साल से परिवार से अलग केदारपुर सहेली गली में किराए के मकान में रहता था। इस दौरान अपनी मौत से पहले युवक ने एक वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल किया था जिसमें उसने अपनी मौत का जिम्मेदारी महुआपारा निवासी छोटू पंडित उर्फ छोटू मिश्रा, बुद्धि पंडित, विक्रांत व प्रांजल मिश्रा को बताया है। युवक ने वीडियो में बताया था कि 5 दिसम्बर की शाम 7 बजे वह जिम से अपने दोस्त के साथ निकला जहां उसके मित्र का एक दोस्त पहले से मौजूद था। जब सभी अग्रसेन चौक पहुंचे तो विक्रांत व अन्य युवक का विवाद हुआ। इस घटना के बाद आरोपियों ने परम तिवारी के घर जाकर उसके माता-पिता भाई को भी जान से मरने की धमकी दी। युवक ने वीडियो में बताया था कि यदि उसे कुछ होता है तो इसके जिम्मेदार उक्त चारों युवक होंगे।

## खबर संक्षेप



### एड्स जागरुकता पर पोस्टर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**कोरबा।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना यूथ रेट क्रॉस सोसाइटी एवं रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में विश्व एड्स पखवाड़ा के तहत एड्स जागरूकता पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाषण, पोस्टर रंगोली प्रतियोगिता के साथ-साथ व्याख्यान भी किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ राजकुमार यादव आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी जिला कोरबा उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत पीके साहू के द्वारा कहा कि एचआईवी एड्स क्या है इसका संचरण कैसे होता है एवं इसके लक्षण एवं रोकथाम को विस्तार से बताया और उन्होंने कहा कि एचआईवी पीड़ित के साथ मानवीय व्यवहार करने की सलाह दी। तत्पश्चात उत्कृष्ट प्रतिभागी छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य के द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। भाषण में निकिता साहू, कशिश एवं गुनगुन क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही।

### लायंस पब्लिक स्कूल के बच्चों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



**कोरबा।** रविवार को ग्राम खरहरकुड़ा मड़वारानी मे संचालित स्कूल एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण और पिकनिक के लिए कोरबा लाया गया। जहाँ बच्चों को मनोरंजन के लिए कोरबा मे आयोजित प्रसिद्ध जादूगर दीपकुमार का मैजिक शो दिखाया गया। मैजिक शो के बाद स्कूल के बच्चों को कोरबा के अप्पू गार्डन में मनोरंजन पिकनिक हेतु ले जाया गया। जहां बच्चों ने विभिन्न प्रकार के झूलों का आनंद लिया। साथ ही स्कूल की तरफ से बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के खेलकूद आयोजित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से बच्चों के लिए स्वादिष्ट व्यंजनों का भी व्यवस्था की गई थी। उक्त शैक्षणिक भ्रमण और पिकनिक का सभी बच्चों ने आनंद लिया।

### आयुष चिकित्सक डॉ.देवेंद्र को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने किया सम्मानित



**कोरबा।** आयुष चिकित्सक डॉ.देवेंद्र कश्यप को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक बनाए जाने पर आयुष मेडिकल एसोसिएशन भाजपा कोसाबाड़ी मंडल एवं जिला कोरबा भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा उनके सम्मान में पतंजलि चिकित्सालय, निहारिका में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डॉ.देवेन्द्र कश्यप के आगमन पर आतिशबाजी कर उन्हें पुष्पहार पहनाकर, मिष्ठान्न खिलाकर तथा जन समुदाय में मिष्ठान्न वितरित किया गया। साथ ही सबने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ भी दी। इस अवसर पर डॉ.देवेन्द्र कश्यप ने चिकित्सा प्रकोष्ठ के माध्यम से मेडिकल कैंप के आयोजन के साथ-साथ शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सके इस विषय मे विशेष रूप से काम करने की बात कही।

# देश का उपयोगी नागरिक बनाने में स्काउट आंदोलन की अहम भूमिका : राव

## तृतीय सोपान जांच शिविर तथा कब बुलबुल उत्सव का ग्रैंड कैम्प फायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स तथा कब, बुलबुल ने ग्रैंड कैम्प फायर में लोक संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों की जोरदार प्रस्तुति दी। कैम्प में पांचों विकासखंड से चार सौ से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित हैं। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा तृतीय सोपान एवं निपुण जांच शिविर तथा कब बुलबुल उत्सव का आयोजन विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 2 एचटीपीपी में किया जा रहा है।

अलग खबर

**खास बातें**

- फैंसी ड्रेस के कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का जीता दिल
- सैकड़ों बच्चे शामिल हुए कैंप में



मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हसदेव ताप विद्युत गृह के अतिरिक्त मुख्य अभियंता (एफएम) केएनबी राव ने कहा कि इस के तरह के शिविर आपसी सद्भावना उत्पन्न करते हैं। उन्होंने कहा कि नैतिकता और देश का उपयोगी नागरिक बनाने में स्काउट आंदोलन अहम भूमिका निभा रहा है। श्री राव ने कहा कि एचटीपीपी प्रबंधन भी डिजास्टर मैनेजमेंट और साइबर सुरक्षा जैसे स्काउट के पाठ्यक्रम का लाभ उठाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला कोरबा की गतिविधियों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अधीक्षण अभियंता एचटीपीपी एवं विद्युत नगर शिक्षण समिति के सचिव अजय सिंह कोराम ने भी अपना संबोधन दिया। एचटीपीपी के जनसंपर्क अधिकारी बसंत शाहजीत ने प्रतिभागियों को कविता के माध्यम से प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप एचटीपीपी के प्रशासनिक अधिकारी अनूप पात्रे, जिला मुख्यालय आयुक्त विवेक लांडे, जिला सचिव भरत सिंह वर्मा सहित लीडर ऑफ कोर्स द्वय डीगम्बर सिंह कौशिक, उत्तरा मानिकपुरी, नमिता श्यामकुंवर कड़वे, श्रीकांत सिंह भी मंचासीन रहे। डीगम्बर सिंह कौशिक ने शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा कार्यक्रम का संचालन पुष्पा शांडिल्य ने किया। इसके पूर्व बुलबुल ग्रिटिंग एवं कब की विशाल गर्जना के माध्यम से अतिथियों की अगवानी की गई। स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स तथा कब, बुलबुल ने ग्रैंड कैम्प फायर में लोक संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों जोरदार प्रस्तुति दी। कब, बुलबुल द्वारा बेहद रोचक तरीके पेश किए गए फैंसी ड्रेस ने उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। स्काउट रितेश यादव एवं गाइड प्राची ने कैंप इम्प्रैशन प्रस्तुत किया।

## कांग्रेस कार्यालय में एसआईआर को लेकर आयोजित की गई बैठक

# एसआईआर की कार्य में लगातार मिल रही शिकायतें मतदाता सूची में हो रही गड़बड़ी: जरिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जहां-जहां एसआईआर का कार्य हो रहे हैं वहां-वहां से अनेकों शिकायत आ रही हैं। भाजपा और चुनाव आयोग की मिली-भगत से मतदाता सूची में गड़बड़ियां किया जा रहा है। छांट छांटकर मतदाताओं के नाम काटे जाने की शिकायतें मिल रही हैं।




कार्यक्रम में शामिल कांग्रेसी।

उक्त बातें जिला कांग्रेस कार्यालय में एसआईआर अभियान और वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन को लेकर कांग्रेस संगठन एवं बूथ लेवल एजेंटों की आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए एआईसीसी सचिव एवं प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुश्री जरिता लैतफलांग ने कही। रविवार को सुश्री जरिता लैतफलांग के आतिथ्य व कांग्रेस के एसआईआर के कोरबा लोकसभा प्रभारी पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के अध्यक्षता एवं पूर्व महापौर व एसआईआर के कोरबा विधानसभा प्रभारी राजकिशोर प्रसाद के विशिष्ट आतिथ्य में बैठक आयोजित किया गया था। बैठक में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एसआईआर अभियान और 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन को मजबूत करने के लिए चर्चा करते हुए सुश्री जरिता लैतफलांग ने मतदाता सूचियों में गड़बड़ी किए जाने के विषय पर उदाहरण देते हुए कहा कि कोरबा विधानसभा क्षेत्र की दर्री क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 48 में भाजपा के कार्यकर्ता दबाव बनाकर मतदाताओं के नाम जोड़ने व काटने का कार्य कर रहे हैं। इसी प्रकार पूरे प्रदेश भर में ऐसे कई उदाहरण हैं। सुश्री जरिता लैतफलांग ने इस माह 14 दिसंबर को दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में होने वाली हस्ताक्षर अभियान एवं वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन महारैली में जिले से ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित हो इस पर जोर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं कोरबा लोकसभा प्रभारी जयसिंह अग्रवाल ने निर्वाचन आयोग के एसआईआर के विषय पर अपना विचार रखते हुए कहा कि कोई पात्र मतदाता का नाम ना छूटे और कोई भी अपात्र मतदाता का नाम ना जुड़े। श्री अग्रवाल ने साफ-साफ संदेश देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग अगर किसी भी व्यक्ति या संगठन के दबाव में मतदाता सूची में गड़बड़ी करता है तो इसे कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि शहर के कई बूथों में वोटर लिस्ट से मतदाताओं के नाम गायब हैं, जबकि अनेकों के पास ईपिक कार्ड उपलब्ध है। ऐसे लोग जिनका नाम नहीं है या नहीं जुड़ पाया है वह 16 दिसंबर के बाद नाम जुड़वाने फॉर्म क्रमांक 6 भरकर नाम जुड़वा सकते हैं। 16 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन होने के बाद पता चल पाएगा कि किसी बूथ किस वार्ड में कितने और किस-किस का नाम कटा है। बैठक में नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू , पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप जायसवाल, हरीश परसाई, सपना चैहान, श्याम सुंदर सोनी, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री प्रशांत मिश्रा, सचिव बीएन सिंह, विकास सिंह, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी, सेवादल अध्यक्ष प्रदीप पुरायणे सहित अन्य उपस्थित रहे।

# श्रम कानूनों में बदलाव का बीएमएस को छोड़ सभी श्रमिक संगठन कर रहे विरोध: दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

केंद्र सरकार ने हाल ही में आजादी के पहले से चले आ रहे 29 श्रम कानूनों को समेट कर चार श्रम संहिता क्रमशः वेतन संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्य शर्त संहिता 2020 में बदलने का अधिसूचना जारी कर दिया है जिसका भारतीय मजदूर संघ को छोड़कर देश के सभी केंद्रीय श्रम संगठन विरोध कर रहे है।

उक्त बातें एटक के श्रमिक नेता एटक कोल फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने कहा। उन्होंने कहा है कि मौजूदा सरकार ने पूर्व में श्रम सुधार विधेयक पर चर्चा के दौरान संसद मे कहा था कि इन श्रम सुधारों का उद्देश्य हमारे श्रम कानूनों को कार्यस्थल की निरंतर बदलती हुई दुनिया के अनुरूप बनाना है। इसके साथ ही ये श्रम संहिताएं देश मे श्रमिकों के कल्याण लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा इसके उलट सरकार ने सुधार के नाम पर जो किया है वह सुधार नहीं है बल्कि कमजोर श्रमिकों को एक तरह से मालिकों की दया पर छोड़ देना है



दीपेश मिश्रा।

इसके अलावा सरकार ने फैक्ट्री एक्ट कानून में भी भारी बदलाव किया है जैसे पहले किसी फैक्ट्री में 15 से 20 कर्मचारी काम करते थे तो उस पर फैक्ट्री एक्ट लागू होता था लेकिन अब उसकी संख्या बढ़कर 100 कर दी गई है। ऐसे में श्रमिकों का अधिकार अब कहां बचेगा इसी तरह मौजूदा कानून के तहत यदि किसी फैक्ट्री में 100 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं तो उसे बंद करने के लिए सरकार की मंजूरी लेनी होती है जबकि नया कोड में यह संख्या 300 कर दी गई है यानी अब यदि किसी फैक्ट्री में 300 से कम कामगार काम कर रहे हो तो उसे बंद करने के लिए सरकार की मंजूरी की जरूरत नहीं होगी इसी तरह वेतन संहिता 2019मे न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, वेतन भुगतान अधिनियम 1936,बोनस भुगतान अधिनियम 1965 तथा समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 को मिला दिया गया है।

# बाबा साहब ने सर्वसमाज के हितों का संविधान दिया : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

सिद्धार्थ लोककल्याण समिति एवं अनेकों संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में विश्वरत्न डॉ बाबा साहब अंबेडकर का महापरिनिर्वाण संविधान सुरक्षा संकल्प दिवस उद्योगमंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में घंटाघर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर, कार्यक्रम के संचालक गोपाल ऋषिकर भारती, विशेष अतिथियों में एमआईसी मेंबर नरेंद्र देवांगन उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री एवं अन्य।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखन देवांगन ने कहा कि आज का दिन भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर का परिनिर्वाण दिन है। जिस महापुरुष ने भारत का संविधान लिखकर बता दिया कि योग्यता किसी जाति विशेष की ठेकेदारी नहीं है। मैं इसी कोरबा में कितनी भी परेशानियों में रहा हूंगा लेकिन गरीब, पिछड़े और आम जनता से कभी भी अलग नहीं रहा। सबसे पहले मैं पार्षद बना उसके बाद कोरबा का महापौर। यदि संविधान में पिछड़ों के लिए आरक्षण ही नहीं होता तो मैं महापौर नहीं बनता। यदि महापौर नहीं बनता तो आज मैं मंत्री भी नहीं बन पाता। बाबा साहब का संविधान न केवल देश के कार्यालयों में बल्कि हम अपने घर, परिवार सहित मिलकर संविधान का सम्मान करते हैं। महापौर ने कहा कि आज संविधान निर्माता एवं महिलाओं के उद्धारक बाबा साहब अंबेडकर के पुण्यतिथि पर मै उनको कोटि कोटि नमन करती हूं। बाबा साहब अंबेडकर ने जिन गरीब, वंचित तथा खासकर महिलाओं की बराबरी और आजादी के लिए जो कानून बनाए उस संविधान और बाबा साहब का सम्मान हम सब मिलकर और उत्साह के साथ करेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नरेंद्र देवांगन ने कहा कि कोरबा नगर पालिक निगम क्षेत्र की काम करने की हमारी प्राथमिकताओं में भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर सहित सभी समुदायों के संतो महापुरुषों से प्रेरणा लेकर सर्व समाज के हितों के लिए कार्य करना होता है। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के डिन डॉ के के सहारे, आदिवासी समाज के वरिष्ठ नेता श्यामलाल मरावी, पार्षद मुकुंद सिंह कंवर, सुनील सुना, महेंद्र थवाईत, कोमलता साहू, क्रांति कुमार साव, एस सी ढोके, मीरासिंह पोर्ते, वासुदेव साहू, वासुदेव साव, प्यारेदास महंत, गायत्री साहू, सुकन्या साहू, रजनी अग्निहा सहित अन्य उपस्थित थे।

# क्रोध से होती हैं अनेक बीमारियां : भावसागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य विद्यासागर महाराज से दीक्षित एवं परम पूज्य आचार्य समयसागर महाराज की आज्ञानुवर्ती परंपरा के शिष्य मुनि धर्मसागर महाराज एवं मुनि भावसागर महाराज के सानिध्य में अहिंसा रक्षा पदयात्रा सतत जारी है। इस कड़ी में शनिवार को श्री दिगंबर जैन मंदिर कोरबा में मुनि संघ का मंगल प्रवेश हुआ। नगर के विभिन्न स्थानों पर पादप्रक्षालन एवं स्वागत अभिनंदन किया गया। पदयात्रा में नरेंद्र जैन सिवनी, दीपक जैन, नमन जैन, रानु जैन नोहटा सहित अनेक श्रद्धालु सम्मिलित रहे।

ज्ञात हो कि मुनि संघ का पदविहार सम्मेद शिखर की ओर चल रहा है। जिले में मुनि संघ का आगमन वर्ष 2003 के बाद लगभग 21 वर्षों पश्चात हुआ है। इस पदविहार में सिवनी, कटंगी, गुना



एवं कोरबा जैन समाज के अनेक महानुभाव अपनी श्रद्धा समर्पित कर रहे हैं। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि भावसागर महाराज ने कहा कि विश्व में क्षमा से बढ़कर कुछ नहीं। सच्ची क्षमा वही है जहाँ स्वार्थ का स्थान न हो। क्षमा से मनुष्य फूल-सा हल्का हो जाता है, जबकि क्रोध मनुष्य को विषाक्त करता है। उन्होंने बताया कि क्रोध की दोहरी तलवार सदैव मान–अभिमान के द्वार पर खड़ी रहती है। क्षमा वहीं मांगनी चाहिए जहाँ मन नहीं मिलता, क्योंकि वहीं उसका वास्तविक मूल्य है। भारत एक ऐसा राष्ट्र है जिसने सदैव शत्रु की भूलों को भी क्षमा किया है। हमारे देश में युद्ध शौक से नहीं, मजबूरी में लड़े जाते हैं। महात्मा ने आगे कहा कि क्रोध से हृदय संबंधी रोग, ब्लड प्रेशर जैसी अनेक बीमारियां जन्म लेती हैं, क्योंकि क्रोध के समय ग्रंथियों से विषैला द्रव पूरे शरीर में फैल जाता है। उन्होंने क्षमा को जीवन उत्थान का मार्ग, खुशहाली का खजाना, मोक्ष का द्वार, आत्मा का आनंद, महान तप और ऊँचा आचरण बताया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### दंतैल ने वृद्धा...

हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जो अलग-अलग झुंड में विभक्त हो चुका है और अलग-अलग रेंज में शाम को होते ही हाथी एक्टिव होते हैं और ग्रामीणों के घर और बस्तियों की ओर घुसने की कोशिश करते हैं। ऐसे में लगातार वन विभाग की टीम देर रात तक हाथियों को रोकने की कोशिश कर रहा है। इसके बाद भी हाथी लगातार उत्पात मचा रहे हैं। बताया जाता है कि पसान रेंज के ग्राम कुम्हारीसानी में एक दंतैल हाथी लगातार उत्पात मचा रहा है। बीती रात को दंतैल हाथी कुम्हारीसानी में रहने वाले ग्रामीण के घर जा धमका और उत्पात मचा रहा था लेकिन वन विभाग की टीम रात को क्षेत्र में एक्टिव थी जैसे ही ग्रामीणों के घरों में घुसकर उत्पात मचाने की सूचना वन विभाग की टीम को मिला। वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और हुटर के माध्यम से घंटों मशक्कत के बाद किसी तरह दंतैल हाथी को खदेड़ा गया। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने राहत की सांस ली। यह दंतैल हाथी वन विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है। बताया जाता है कि दंतैल हाथी ने रविवार की देर रात पसान रेंज के गोलाबहरा में देहान में घुसकर एक 80 वर्षीय इंद्रकुंवर को मौत के घाट उतार दिया है। वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत ने जानकारी दी कि दंतैल हाथी बहुत ही आक्रमक है जिसने वृद्ध महिला को मौत के घाट उतार दिया है। मौके पर वन विभाग की टीम पहुंच चुकी है।

### रेंजर हुए हादसे...

गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में रेंजर मनीष के सीने और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि चालक को भी चोटें लगी हैं। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

### अवैध परिवहन...

हैं इस कार्यवाही के दौरान धान का भंडारण करने वालों से जब उनके दस्तावेज मांगे गए तो उनके पास धान के भंडारण के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं थे ना ही धान खरीदने के लिए मंडी से जारी होने वाला कोई लाइसेंस उनके पास था। दस्तावेज नहीं दिखाए जाने के कारण धान को जप्त कर संबंधित क्षेत्र की समितियों या पंचायतों के सुपुर्द किया गया है। लगातार हो रही इस कार्यवाही से गांव गांव चलने वाली छोटी दुकानों के दुकानदारों में भय व्याप्त हो गया है। स्थिति यह है कि कोई अनजान आदमी अगर गांव पहुंचता है तो छोटे छोटे दुकानदार उन्हें कार्यवाही करने वाली टीम का सदस्य समझ लेते हैं इसके साथ ही ऐसे ग्रामीण जो कुछ धान के बदले जरुरत के सामान दुकानों से खरीदते हैं ऐसे ग्रामीणों के धान लेने से भी अब दुकानदार हिचकने लगे हैं।

# दीक्षांत समारोह में जिले के चार छात्रों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के दीक्षांत समारोह में ज्योति भूषण प्रताप सिंह लॉ कॉलेज, कोरबा के छात्रों ने एलएलबी परीक्षा वर्ष 2024 की मेरिट लिस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। इस मेरिट लिस्ट में एडवोकेट चुनेश कुमार महंत ने तीसरा स्थान, एडवोकेट मुस्कान सिंह क्षत्रीय ने 5वां, एडवोकेट सोमेश नारायण सिंह ने 6वां और एडवोकेट पी.योगेश कुमार ने 7वां स्थान प्राप्त किया है। चुनेश कुमार महंत ने 70.93 प्रतिशत, मुस्कान सिंह ने 70.13 प्रतिशत, सोमेश नारायण सिंह ने 70.10 प्रतिशत, और पी. योगेश कुमार ने 69.80 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। मुस्कान सिंह क्षत्रीय ने सेशन कोर्ट कोरबा में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत हैं। वे अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और मित्रों को दिया है।




दीक्षांत समारोह में शामिल हुए छात्र।

## मानव सेवा मिशन ने स्कूली बच्चों को वितरित किया स्वेटर

**कोरबा।** समाजसेवी संस्था मानव सेवा मिशन ने कटघोरा के ग्राम सुतर्रा स्थित प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले कक्षा पहली से पांचवीं तक के सभी बच्चों को स्वेटर और आंगनबाड़ी के बच्चों को जैकेट प्रदान किया। मानव सेवा मिशन के सदस्य अमर पटेल ने अपने जन्मदिन पर स्कूल में पढ़ने वाले सभी बच्चों को स्वेटर एवं जैकेट प्रदान किए। हर वर्ष जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाने के लिए कंबल और स्कूली बच्चों को स्वेटर का वितरण किया जाता है। इस वर्ष भी अभी तक पांच चरणों में यह अभियान चलाया जा चुका है।



# रामलेखन पुस्तिका पूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोरबा।** 3 अरब 33 करोड़ राम नाम लेखन महायज्ञ का ईश्वरीय कार्य कोरबा जिले में 3 लाख परिवारों द्वारा एक साथ किया जाना है। जिसमें हम सभी के द्वारा राम नाम लेखन पत्रिका में राम नाम लेखन किया जाएगा। इसी परिपेक्ष में राम नाम लेखन महायज्ञ की 1650 पवित्र लेखन पुस्तिकाओं के पूजन अर्चन का कार्यक्रम श्री राम मंदिर बालकोनगर में आयोजित किया गया। ततपश्चात यह पत्रिका बालको उपनगर के सभी 8 बस्तियों के प्रमुखो को प्राप्त हुई। इस आयोजन के दौरान नगर संघ चालक अशोक तिवारी, जिला सह व्यवस्था प्रमुख रामकिशोर श्रीवास्तव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, बालको उपनगर संपर्क प्रमुख रमेश सोनी, बालको नगर मंडल अध्यक्ष डीलेंद्र यादव शामिल रहे।

### शपथ पत्र

मैं अरुण कुमार उम्र 34 वर्ष पिता श्री बसंत कुर्रे जाति सतनामी सा.नि. जोरहाडबरी तह. व थाना हरदीबाजार जिला कोरबा छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्नांकित कथन शपथपूर्वक करता हूं:-

01. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।

02. यह कि मेरी पुत्री खुशबु कुर्रे पिता अरुण कुमार कुर्रे का जन्म दिनांक 28.05.2012 को हुई है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड क्रमांक 4794 1512 6208 में उपरोक्त नाम दर्ज होकर अभिलिखित है।

03. यह कि मेरे पुत्री खुशबु कुर्रे के आधार कार्ड का अपडेट किये जाने पर उनका सही नाम खुशबु कुर्रे पिता अरुण कुमार कुर्रे दर्ज न होकर खुशी कुर्रे हो रहा है जो मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड के विपरित है।

04. यह कि मेरी पुत्री का मूल नाम खुशबु कुर्रे पिता अरुण कुमार कुर्रे उनके आधार कार्ड में अपडेट किये जाने के समर्थन में यह शपथपत्र निष्पादित किया।

**शपथकर्ता**
**अरुण कुमार**

NKH SUPER SPECIALITY HOSPITAL
INSPIRING BETTER HEALTH
NABH

दिसंबर 2025
सुपरस्पेशलिस्ट विजिटिंग डॉक्टर सूची

09 दिसंबर 2025 (मंगलवार) — डॉ. एस.एस. मोहन्ती (हृदय रोग विशेषज्ञ)
11 दिसंबर 2025 (गुरूवार) — डॉ. गिरीश अग्रवाल (श्वास रोग विशेषज्ञ)
21 दिसंबर 2025 (रविवार) — डॉ. जयेश शर्मा (कैंसर सर्जन)
डॉ. राजेश गौतम (किडनी रोग विशेषज्ञ)

आज ही अपना पंजीयन कराएँ
कोसाबाड़ी, कोरबा 8602-59-91-22

## खबर संक्षेप



### गृहसंपर्क अभियान में जुटे आरआरएस के स्वयंसेवक

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुड़ापार द्वारा आरएसएस के 100वें वर्ष पूर्ण होने पर संघ द्वारा शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। जिसे मुड़ापार वार्ड में गृह संपर्क अभियान द्वारा घर घर जा कर भारत माता की चित्र, संघ की 100वर्ष की यात्रा की पुस्तिका वितरण कर पंच परिवर्तन के विषय में जानकारी प्रदान कर रहे है। जिसमें रविवार की प्रथम पाली में सुबह मुड़पार के संघ स्वयंसेवक राजेन्द्र सिंह राजपूत, नवीन जायसवाल, विशाल चौहान, तनिष जायसवाल द्वारा मुड़ापार बस्ती में भ्रमण कर जन-जन में प्रचार किया जा रहा हैं।

### गृह संपर्क अभियान द्वारा संघ घर घर पहुंचेगा : अजय



**हरदीबाजार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ की योजना अनुसार देश में आयोजित गृह संपर्क अभियान के तहत पाली विकासखंड के हरदीबाजार में गृह संपर्क अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्वयं सेवकों द्वारा घर घर जाकर भारत माता का चित्रण, पत्रक एवं संघ के साहित्य का वितरण किया गया। इस अवसर पर सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक अजय कुमार दुबे ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष में आयोजित इस गृह संपर्क अभियान का मूल उद्देश्य घर घर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को पहुंचाना है। इसके पश्चात हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम मंडल स्तर पर रखा गया है। जिसमें समाज के लोगों से बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया गया। इस कार्यक्रम में राम भक्त दिनेश गुरुद्वान, निलेंद राठौर, शशीधर सोनी, सुरेन्द्र राठौर, रामेश्वर यादव, श्याम राठौर, बजरंग यादव, सरोज श्रीवास, अमरनाथ कौशिक, कान्हूचरण आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### संतोष बने राष्ट्रीय कालरी वर्कर्स फेडरेशन के केंद्रीय सचिव



**कोरबा।** राष्ट्रीय कालरी वर्कर्स फेडरेशन जो कि सेंट्रल इंडिया कोलफील्ड्स का एक प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक यूनियन है ने एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक घोषणा की फेडरेशन ने संतोष कुमार चौहान टिपर ऑपरेटर गेवरा क्षेत्र को तत्काल प्रभाव से अपनी केंद्रीय समिति में सचिव के पद पर नियुक्त किया है यह नियुक्ति फेडरेशन के अध्यक्ष द्वारा विधिवत अनुमोदित की गई है। आर आरसीडब्ल्यूएफ के महामंत्री भागवत प्रसाद दुबे द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार चौहान की नई भूमिका कोरबा संभाग के मुख्य कोयला खनन क्षेत्रों कोरबा, गेवरा, दीपका और कुसमुंडा में केंद्रित होगी।

### रोचक खेलों में नन्हें खिलाड़ियों ने दिखाई जोर आजमाइश

**कोरबा।** विनायक पब्लिक स्कूल बांकी मोंगरा में शनिवार को चतुर्थ वार्षिक खेल दिवस उत्साह मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष दिलीप दुमने एवं जिला ओलम्पिक संघ के सचिव सुरेश क्रिस्टोफर ने मौजूदगी दर्ज कराते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बांकीमोंगरा स्थित विनायक पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष दिलीप दुमने एवं जिला ओलम्पिक संघ के सचिव सुरेश क्रिस्टोफर ने मौजूदगी दर्ज कराते हुए बच्चों का उत्साह वर्धन किया। विद्यालय के सपनों और आकांक्षाओं का प्रतीक स्वरुप नील गगन में रंग बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए। सभी बच्चों ने इस आयोजन का आनंद लिया।

# अमीन की परीक्षा में ढाई हजार से अधिक परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

## शहर में परीक्षा के लिए बनाए गए थे 31 केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के 31 परीक्षा केंद्रों में सिंचाई विभाग के पटवारी (अमीन) पद के लिए व्यापम के द्वारा परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें 9 हजार 502 परीक्षार्थियों में महज 6 हजार 934 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं 2 हजार 568 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में उपस्थिति दर्ज नहीं करायी।

अलग खबर

नई गाईड लाइन के साथ व्यापम के द्वारा अमीन पद में भर्ती के लिए आयोजित की गई परीक्षा में कुल 9 हजार 502 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनके लिए 31 केंद्र बनाए गए थे। इनमें से एक केंद्र ऐसा भी है जिसमें 142 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी जिसमें महज 99 परीक्षार्थी ही उपस्थित हुए। वहीं 43 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। व्यापम की गाईडलाइन पिछले दो परीक्षा में कड़ाई से पालन की जा रही है। रविवार को आयोजित परीक्षा के दिन परीक्षा दिलाने वाले सभी परीक्षार्थी व्यापम की गाईडलाइन का पालन करते हुए परीक्षा में शामिल हुए। जिनके लिए पहली शर्त थी कि चप्पल पहन कर ही परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में प्रवेश करेंगे। अधिकांश परीक्षार्थी सुबह 10 बजे से परीक्षा केंद्र में पहुंच गये थे जहां उनके प्रवेश पत्र सहित अन्य दस्तावेज का परीक्षण करने के बाद अंदर जाने दिया गया। कुछ परीक्षा केंद्रों में प्रवेश पत्र को लेकर परीक्षार्थियों के सामने दिक्कते पैदा हो गई थी। व्यापम ने अपनी गाइड लाइन में यह व्यवस्था दी थी कि अगर नेट से मिले प्रवेश पत्र में फोटो नहीं है तो परीक्षार्थी दो फोटो लेकर परीक्षा केंद्र पहुंचेंगे। कुछ परीक्षार्थियों के पास फोटो नहीं होने के मामले भी समाने आये। हालांकि बाद में उनके द्वारा तत्काल फोटो की व्यवस्था की गई तब जाकर उन्हें प्रवेश मिला। परीक्षा के लिए पीजी कॉलेज को समन्वय केंद्र बनाया गया था।

**खास बातें**

- कई केन्द्र ऐसे जहां सौ परीक्षार्थी भी नहीं रहे उपस्थित



## नई वर्क कमेटी के बनने से बदल जाएगा पुरानी कमेटियों का संचालन एवं स्वरूप

# श्रम कानूनों में बदलाव का असर, कोल इंडिया की कमेटियों पर संशय की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केन्द्र सरकार द्वारा 29 श्रम कानूनों को खत्म कर 4 नये लेबर कोड लागू करने के बाद अब कोल इंडिया में गठित कमेटियों की भविष्य में संचालन पर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। जेबीसीसीआई कमेटी में अगले वर्ष कोयला कर्मियों का नया वेतन समझौता भी होना है। यह कमेटी कोयला कर्मियों के मिनिमम गारंटी बेनीफिट पर निर्णय लेगी या नहीं इस पर कोयला कर्मियों की नजरें टिकी रहेगी। कोयला कर्मियों के लिए जून 2026 तक 11वां वेतन समझौता कोल इंडिया में लागू किया गया है। एसईसीएल के लगभग 38 हजार सहित कोल इंडिया के 2 लाख 20 कर्मचारियों के वेतन पर अगले साल निर्णय लिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 4 लेबर कोड वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति संहिता को लागू किया है। नए कानून का विरोध कर रहे केन्द्रीय श्रमिक संगठनों के बीच कोल इंडिया को 4 लेबर कोड के दायरे से बाहर रखने की मांग शुरू हो गई है। दूसरी ओर श्रमिक संगठन बीएमएस दो लेबर कोड पर आपत्ति दर्ज कराकर संघ के सुझाव को लागू कराने की तैयारी में है। एसईसीएल समेत कोल इंडिया की 8 सहयोगी कंपनियों के कर्मचारियों के वेतनमान का निर्धारण पांच साल के लिए किया जाता है। वर्तमान में कोल इंडिया के सभी अनुषंगी कंपनियों में 11वें वेतनमान से कर्मचारियों को वेतन दिया जा रहा है। इसकी अवधि जून 2026 में खत्म हो जाएगी। जुलाई से नया वेतनमान लागू करने जेबीसीसीआई कमेटी में निर्णय लिया जाएगा। इसमें कोल इंडिया प्रबंधन के अधिकारियों व कोयला कर्मियों को प्रतिनिधित्व करने वाले इंटक, एटक, सीटू, एचएमएस और बीएमएस के प्रतिनिधि सदस्य हैं। नए लेबर कोड लागू कर वर्क कमेटी के गठन के निर्णय का यूनियन विरोध कर चुकी है। इस कमेटी में कुल कर्मचारियों की संख्या का 50 फीसदी सदस्यता यूनियन में होने पर नेतृत्व कर सकेंगे। वहीं दूसरी ओर वर्क कमेटी के बनने से पुरानी कमेटियों के संचालन का स्वरूप भी बदल जाएगा।

**खास बात**

- जून 2026 के बाद खत्म हो जाएगा 11वां वेतन समझौता, नए वेतन समझौते को लेकर मचा बवाल

### वर्क कमेटी में नहीं होगी द्विपक्षीय वार्ता

एटक कोल फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने कहा है कि वर्क कमेटी में द्विपक्षीय वार्ता को हटा दिया गया है। जिससे वेतन निर्धारण के दौरान प्रबंधन और यूनियन के बीच वार्ता नहीं होगी और ना ही श्रमिक संगठन वेतन निर्धारण को लेकर नगोसिएशन नहीं कर सकेंगे। ऐसे में प्रबंधन अपने हिसाब से निर्णय लेगा और वेतन का निर्धारण करेगा। इस मामले को लेकर सरकार कुछ भी खुलकर नहीं बोल रहा है। जून 2026 को 11वां वेतन समझौता की मियाद खत्म हो जाएगी। वहीं दूसरी ओर 1 अप्रैल से नये श्रम कानूनों को पूर्ण रूप से लागू कर दिया जाएगा, ऐसे में वेतन समझौता का क्या होगा इस पर संशय की स्थिति बनी हुई है। सरकार इस पर स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कह रहा है। यही वजह है कि कर्मियों में संशय की स्थिति बनी हुई है कि अब क्या होगा। जब तक सरकार श्रम कानूनों को वापस नहीं लेगा विरोध जारी रहेगा।

### गठित की गई है दर्जनों कंपनियां

एरिया स्तर तक कोयला कर्मियों के हित में निर्णय लेने कई कमेटियां बनी हुई हैं। कोल इंडिया स्तर पर कोल इंडिया एपेक्स, वेलफेयर, सेफ्टी कमेटी, जेबीसीसीआई मानकीकरण, सीपीआरएमएस की कमेटी है। एसईसीएल स्तर पर जेसीसी, वेलफेयर व परियोजना स्तर पर एसीसी, वेलफेयर, सेफ्टी, हाउसिंग कमेटी है। कंपनी स्तर पर जेसीसी, वेलफेयर व सेफ्टी कमेटी की बैठक साल में हर तीसरे महीने करने का प्रावधान है। इसके बावजूद कोयला कर्मियों के कई मुद्दे लंबित हैं।

### वेतन समझौते पर बना हुआ है संशय

साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस (इंटक) के केन्द्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह ने कहा कि नए लेबर कोड बिल आने के बाद कोयला कर्मियों का वेतन समझौता किस तरह होगा, कैसे होगा, यह साफ नहीं है। इस पर संशय बना हुआ है। कोयला कर्मियों के वेतन समझौते पर पहले की तरह ही निर्णय लिया जाए। कोल इंडिया व उसकी सहयोगी कंपनियों का प्रबंधन व यूनियनों के बीच वार्ता का आईआर सिस्टम भी बेहतर है। इसे ही खदानों के संचालन व क्रियान्वयन के लिए बरकरार रखा जाए। 4 लेबर कोड के बाद रूल्स में कमेटियों के पहले की तरह ही क्रियान्वयन को तवज्जो दिया जाए।

### नये लेबर कोड से कमेटियों का बदलेगा स्वरूप

एसईसीएल में बीएमएस के आईआर प्रभारी अशोक सूर्यवंशी ने कहा है कि दो लेबर कोड पर बीएमएस ने आपत्ति जतायी है। जरूरी सुझाव पर अमल में नहीं लाने पर केन्द्र सरकार के विरूद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। नए लेबर कोड से कोल इंडिया की कमेटियों के संचालन का स्वरूप बदल जाएगा। ऐसा वर्क कमेटी के बनने से होगा। हालांकि मामला अभी न्यायालय में लंबित है।

# गोडाउन में लगी भीषण आग 25 बाइक जलकर खाक



गाडाउन में लगी आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा क्षेत्र में रविवार की सुबह एक मोटरसाइकिल गोडाउन में आग लग गई जिससे लोगों में अफरा तफरी मच गई। गोडाउन में रखी लगभग 25 पुरानी मोटरसाइकिलें देखते ही देखते आग की चपेट में आकर पूरी तरह जलकर खाक हो गईं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें कुछ ही मिनटों में इतनी ऊंची हो गईं कि पूरे इलाके में धुआं फैल गया। सूचना मिलते ही कटघोरा नगर पालिका और एरिकेशन की दमकल टीम मौके पर पहुंची, जिन्होंने लगातार कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों ने समय रहते आग को आगे फैलने से रोक दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना के दौरान बांगों पुलिस टीम मौके पर मौजूद रही और सुरक्षा व्यवस्था संभाले रखी। पुलिस व प्रशासन ने लोगों से विद्युत उपकरणों की नियमित जांच और सावधानी बरतने की अपील की है।

# बांकीमोंगरा में पालिका ने शुरू किया सफाई अभियान



की गई साफ सफाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा ने शहर में साफ-सफाई की व्यवस्था सुधारने व्यापक अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत नगर पालिका के विभिन्न स्थानों की सफाई कराई जा रही है। इसमें मुख्य सडकों, बाजारों सार्वजनिक पार्कों और आवासीय क्षेत्रों को साफ किया जा रहा है। नगर पालिका के कर्मचारी कचरा संग्रहण, सड़क किनारे और सीवर लाइनों की सफाई कर रहे हैं। नगर पालिका ने लोगों से इस अभियान में सहयोग करने और अपने आसपास साफ रखने आग्रह किया है।

# पुलिस अधिकारी पर लगा लेनदेन का आरोप, एसपी ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाईन थाना में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक पर लेनदेन का आरोप लगा है। मामले की शिकायत सामने आने पर पुलिस अधीक्षक ने सहायक उपनिरीक्षक को निलंबित कर दिया है और मामले में जांच के आदेश दिये हैं। सिविल लाईन थाना में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने निलंबित कर दिया है।

शिकायतकर्ता महिला ने शिकायत की है कि एक युवक ने उसे शादी का झांसा देकर उसका दैहिक शोषण किया गया। बाद में शादी की बात बोलने पर फरार हो गया था। उसके द्वारा थाना सिविल लाईन रामपुर में आरोपी के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसके द्वारा प्रकरण के विवेचक सउनि अनिता खेस को एसएमएस चैट, व्हाट्सअप चैट, फेसबुक चैट मय पेनड्राईव में अपलोड कर व प्रिंट आउट निकलवाकर दिया गया था, किन्तु उक्त साक्ष्य संलग्न नहीं होने पर उसने प्रकरण के विवेचक विपेचक सउनि अनिता खेस से जानना चाही तो उसे गाली देकर भगा दिया गया तथा आरोपी को पकड़ने के एवज में 20 हजार रुपए उगाही किया जाना उल्लेखित किया गया है।

शिकायत पत्र में उल्लेखित तथ्य बेहद गंभीर एवं संवेदनशील है। प्रकरण के विवेचक सउनि अनिता खेस द्वारा महिला संबंधी अपराधों को गंभीरता से न लेकर अपने पदीय दायित्वों/कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतना प्रथम दृष्टया परिलक्षित होने पर पुलिस अधीक्षक ने सउनि अनिता खेस को निलंबित कर रक्षित केंद्र अटैच कर दिया है।

# रासेयो ने आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प का दिया जनजागरूकता संदेश




जागरूकता कार्यक्रम में शामिल बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना युवा कार्य खेल मंत्रालय के निर्देश पर चंद्राणी सोम प्राचार्य संरक्षण में वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन ब्यख्याता विजेता चतुर्वेदी, संजीव जायसवाल हेल्थकेयर शिक्षक चंद्रमुखी साहू शिक्षक के सहयोग से स्वंय सेवक नीतीश नागदेव, अनुष्का, पायल, भूमिका, स्वाति, विजय, रोहित, अनीश, अनुसुइया इत्यादि स्वंय सेवकों ने निबंध लेखन, चित्रकला, स्लोगन नारा लेखन रंगोली प्रतियोगिता जनजागरूकता रैली के द्वारा आत्मनिर्भर भारत बनाने का संदेश दिया गया। प्राचार्य चंद्राणी सोम ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प भारत ने हमेशा स्वावलंबन और स्वदेशी की भावना को अपने विकास का आधार माना है। वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि स्वदेशी संकल्प हमें अपने देश में बने उत्पादों का उपयोग करने, स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने और युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने का संदेश देता है। स्वदेशी का अर्थ है अपने देश का या अपने देश में निर्मित"। यह उन उत्पादों, वस्तुओं और विचारों को संदर्भित करता है जो भारत में बने हैं, जो न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि स्थानीय उद्योगों और कारीगरों को भी बढ़ावा देते हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## 38 लाख रुपए जारी किए थे शिक्षा विभाग ने, नगर निगम ने कराया था निर्माण

# शिक्षा विभाग की लाईब्रेरी के नाम पर बनी बिल्डिंग नहीं हो सकी हैंडओवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिक्षा विभाग के लिए लाईब्रेरी के नाम पर इंदिरा स्टेडियम के समीप बनाई गई बिल्डिंग आज तक विभाग को हैंडओवर नहीं हो सकी है। शिक्षा विभाग ने 38 लाख रुपए की राशि इसके लिए जारी की थी। नगर निगम के द्वारा भवन का निर्माण कार्य कराया गया था। शिक्षा विभाग के पास अपने स्वयं की ना कोई लाईब्रेरी है और न खेलकूद के लिए कोई अतिरिक्त भवन।

जिले के सबसे बड़े विभाग में शामिल शिक्षा विभाग के पास संसाधनों की कमी नहीं है लेकिन उसके अपने ही अन्य विभागों के लिए भवन की दरकार जरुर बनी हुई है। विभाग के लिए इंदिरा स्टेडियम के पीछे एवं राजीव गांधी ऑडिटोरियम के बगल में लाईब्रेरी के लिए बिल्डिंग स्वीकृत हुई थी। शिक्षा विभाग ने इसके लिए 38 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। नगर निगम के द्वारा इसका निर्माण कार्य कराया गया था। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी उक्त भवन को शिक्षा विभाग के हैंडओवर नहीं किया गया है। शिक्षा विभाग के अधिकारी इस बात को स्वीकारते हैं कि भवन उनके नाम पर बना है लेकिन अब तक हैंड ओवर नहीं हुआ है। उक्त भवन पर अन्य लोगों के संस्थाएं चल रही हैं। जबकि शिक्षा विभाग के पास अपने ही लाईब्रेरी और खेल विभाग के लिए कोई भवन ही नहीं है। स्थिति यह है कि विभाग के कार्यालय के उपरी तल में एक छोटे से कमरे में खेल विभाग का संचालन हो रहा है। जहां मुश्किल से चार टेबल और कुर्सी ही आ पाती है। उसके बावजूद शिक्षा विभाग को भवन नहीं हैंडओवर हो रहा है।



### विभाग की है बिल्डिंग

इंदिरा स्टेडियम के समीप बनी बिल्डिंग शिक्षा विभाग के लाईब्रेरी के लिए बनाई गई थी। जिसके लिए शिक्षा विभाग ने राशि भी जारी की है, निर्माण पूरा होने के बाद भी बिल्डिंग विभाग को हैंडओवर नहीं की गई है।

-टीपी उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी

### आईसीडीएस की बिल्डिंग में चल रहा था खेल विभाग

शिक्षा विभाग के खेल विभाग का कार्यालय जगह के आभाव में आईसीडीएस के बिल्डिंग में संचालित हो रहा था। दो मंजिला इस बिल्डिंग में नीचे आईसीडीएस का कुछ कार्यालय चला करते थे और उपरी तल में जो खाली पड़ा था उसमें खेल विभाग का कार्यालय चला करता था। जिससे कुछ समय तक तो खेल कार्यालय बेहतर ढंग और व्यवस्थित ढंग से संचालित किया गया। उसके बाद आईडीएस विभाग ने पुराने भवन के जर्जर होने पर शिक्षा विभाग को नोटिस जारी कर अपने विभाग के उपरी तल को खाली करवा लिया और उसके बाद से खेल विभाग पुनः शिक्षा विभाग के उपरी तल के कक्ष में संचालित होने लगा है।

